दाती माँ दीदार दीदार हमें दीजिये

दाती माँ दीदार दीदार हमें दीजिये,
आये तेरे दवार प्यार हमें दीजिये,

तेरे भवन पर मिलती मुरादे दुखिया गरीबो की सुन फरयादे,
तू न सुने गी तो कौन सुनेगा हमको जरा माँ इतना बता दे,
ख़ुशी की भंडार भंडार हमें दीजिये,
आये तेरे दवार प्यार हमें दीजिये,
दाती माँ दीदार दीदार हमें दीजिये,

आये नवराते छाई बहारे घर घर जोती के लश्कारे,
हर मंदिर दरबार सजे है गूंज रहे तेरे जयकारे,
धर्म उपकार उपकार दाती कीजिये,
आये तेरे दवार प्यार हमें दीजिये,
दाती माँ दीदार दीदार हमें दीजिये,

केवल तुझसे आस लगाये घर परिवार को साथ में लाये,
सुख हो चाहे दुःख की गाड्डी हो तुझको कभी हम भूल ना पाए,
करो माँ उधार उधार दाती कीजिये,
आये तेरे दवार प्यार हमें दीजिये,
दाती माँ दीदार दीदार हमें दीजिये,

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/4425/title/daati-maa-didaar-didar-hame-dijiye-aaye-tere-dawar-pyar-hame-dijiye

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |